भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2807
दिनांक 12 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ

खजुराहो में ताप विद्युत संयंत्र की स्थापना

2807. श्री विष्णु दत्त शर्माः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का बुंदेलखंड क्षेत्र में ऊर्जा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के खजुराहो में ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव अथवा योजना है;

(ख) यदि हां, तो उक्त परियोजना के निष्पादन की समय-सीमा सहित परियोजना की स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (ग) : विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा-7 के अंतर्गत विद्युत उत्पादन एक गैर-लाइसेंस गतिविधि है और कोई भी उत्पादन कंपनी इस अधिनियम के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त किए बिना उत्पादन स्टेशन की स्थापना, प्रचालन और रखरखाव कर सकती है, बशर्ते वह ग्रिड से कनेक्टिविटी से संबंधित तकनीकी मानकों का अनुपालन करती हो। तथापि, वर्तमान में सरकार का मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के खजुराहो में ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव या योजना नहीं है।

****